स्वतंत्रता दिवस समारोह 2018–19

"भारत हमको जान से प्यारा है,

सबसे न्यारा गुलिस्तां हमारा है।"

72 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह हमारे विद्यालय सेंट मोंटफोर्ट के प्रांगण में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान जी. के. श्री निवास (एडिशनल जनरल मैनेजर) ने ध्वजारोहण किया तथा सभी विद्यार्थी समूह द्वारा राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति गीत गुनगुनाया देश के वीरों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में क्रांतिकारियों के बलिदान का स्मरण किया तथा उनके व्यक्तित्व का साक्ष्य सबके सामने उजागर किया एवं छात्रों से उनके मान बनाने का आश्वासन लिया।

विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने छात्रों में देशभक्ति की भावना को जगाते हुए इस देश के प्रति हमारे कर्तव्यों को याद दिलाया। हिंदी माध्यम के विद्‌यार्थियों द्वारा पूरे जज्बे के साथ देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के हेड बॉय मास्टर अर्जुन सरकार और हेड गर्ल कु. मनस्वी परिहार ने सबका आभार व्यक्त किया।

''आइए इस देश को आकाश की ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प करें।''

"विजयी विष्व तिरंगा प्यारा,

झंडा ऊंचा रहे हमारा।"

जय हिंद जय भारत